26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 6 जून, 2026
अंक- 222 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए हजारों 'कॉकरोच'



युवाओं को संबोधित करते हुए अभिजीत दिपके।

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर हजारों कॉकरोच यानि युवा इकट्ठा हुए। कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके आज सुबह अपने हाथ में डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की किताब लिये 'जय भीम' के नारों के बीच जंतर-मंतर पहुंचे। कॉकरोच जनता पार्टी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और नीट-यूजी पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन कर रही है। अभिजीत दिपके अमेरिका के बोस्टन से आज सुबह ही दिल्ली पहुंचे। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सैकड़ों युवाओं ने उनका स्वागत किया। दिपके भारी सुरक्षा के बीच जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। अभिजीत दिपके का कहना है कि नीट-यूजी पेपर लीक समेत विभिन्न परीक्षा संबंधी विवादों ने लाखों छात्रों के भविष्य को प्रभावित किया है और इसके लिए जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना होगा। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कॉकरोच जनता पार्टी के आह्वान पर आज सुबह से ही छात्रों व अन्य युवाओं का जंतर-मंतर पर आना शुरू हो गया। अनेक अभिभावक भी आंदोलन को सपोर्ट करने के लिये जंतर-मंतर पहुंचे। कॉकरोच जनता पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें प्रदर्शनकारियों ने कहा, 'हमने शिक्षा मंत्री को चुना। उनका वेतन हमारे टैक्स के पैसे से जाता है। उनके कार्यकाल में करोड़ों युवाओं का भविष्य अंधकार में चला गया है। कॉकरोच आ रहे हैं, धर्मेंद्र प्रधान जा रहे हैं।'

# कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे ख़ान सर



**पटना (एजेंसी/चिंगारी)।** पटना स्थित अपने कोचिंग संस्थान खान ग्लोबल स्टडीज में हुई तोड़फोड़ और कथित फायरिंग के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद, प्रसिद्ध शिक्षक फैसल खान (खान सर) ने कानूनी रास्ता अख्तियार किया है। वह आत्मसमर्पण करने के लिए पटना के सिविल कोर्ट पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, सिविल कोर्ट में अनुराग वर्मा की अदालत में खान सर अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल कर सकते हैं। यह कदम उनके कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ और उसके बाद पटना के कदमकुआं पुलिस थाने द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के मद्देनजर उठाया गया है। यह हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हुई है। बता दें कि हाल ही में खान सर की कोचिंग पर फायरिंग हुई थी। घटना को लेकर खान सर के समर्थकों में भारी रोष है।

### ईरान ने कहा, ट्रंप के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं

ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी। श्री रेजाई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गयी है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए श्री ट्रंप को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जायेंगे।















# स्वतंत्र एवं निर्भीक प्रेस लोकतंत्र की आधारशिला- रमेश गुप्ता






## पत्रकारों की सुरक्षा एवं लघु-मध्यम समाचार-पत्रों के हितों की रक्षा के लिए AINEC का आह्वान

**नई दिल्ली (चिंगारी)।** अखिल भारतीय समाचार-पत्र संपादक सम्मेलन (AINEC) की वार्षिक आम सभा एवं वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित तेज बिल्डिंग, 8-बी, बहादुर शाह ज़फर मार्ग में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रमेश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में देशभर से आए संपादकों एवं प्रतिनिधियों ने पत्रकारों की सुरक्षा, प्रेस की स्वतंत्रता तथा लघु एवं मध्यम समाचार-पत्रों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर गंभीर विचार-विमर्श किया। सदस्यों ने पत्रकारों पर बढ़ते हमलों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों तथा मीडिया संस्थानों के समक्ष बढ़ती आर्थिक कठिनाइयों पर गहरी चिंता व्यक्त की। सम्मेलन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की कि पत्रकारों एवं मीडियाकर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा, सहयोग एवं संरक्षण प्रदान किया जाए, ताकि वे बिना किसी भय, दबाव अथवा हस्तक्षेप के अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन कर सकें। सम्मेलन ने कहा कि स्वतंत्र एवं निर्भीक प्रेस लोकतंत्र की आधारशिला है तथा नागरिकों के सूचना के अधिकार की रक्षा के लिए इसका सशक्त होना आवश्यक है।

सम्मेलन ने यह भी अवलोकन किया कि केंद्र एवं राज्य सरकारों तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो (CBC) की वर्तमान विज्ञापन नीतियां बड़े समाचार पत्रों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ पहुंचाती हैं, जिसके कारण लघु एवं मध्यम समाचार-पत्र गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। सम्मेलन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से आग्रह किया कि वह इन समाचार-पत्रों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकारी विज्ञापनों के न्यायसंगत एवं संतुलित वितरण हेतु प्रभावी नीति बनाएं।

इन मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए सम्मेलन ने AINEC के उपाध्यक्ष एवं दैनिक जलते दीप, जोधपुर के प्रधान संपादक श्री पद्म मेहता की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति में श्री बिशंबर नेवर (कोलकाता), डॉ. सुमन गुप्ता (लखनऊ),

**सम्मेलन में लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों की समस्याओं पर विशेष चर्चा हुई। एआई एनईसी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि ये समाचार पत्र स्थानीय समाचारों, जनसमस्याओं एवं जमीनी मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जबकि बड़े समाचार पत्र मुख्यत: राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय समाचारों पर केंद्रित रहते हैं, वहीं लघु एवं मध्यम समाचार पत्र राज्यों, नगरों एवं जनपदों के आम नागरिकों की आवाज बनकर कार्य करते हैं।**



श्री चेलवराजम (कर्नाटक) तथा श्री प्रमोद अग्रवाल (आगरा) को सदस्य नामित किया गया है। समिति को लघु एवं मध्यम समाचार-पत्रों के संरक्षण, विकास तथा उनके हितों से संबंधित विषयों पर केंद्र एवं राज्य सरकारों के समक्ष आवश्यक पत्राचार एवं कार्यवाही करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक का संचालन AINEC के महासचिव श्री बिशंबर नेवर ने किया। बैठक में श्री बिशंबर नेवर कोलकाता, श्री पद्म मेहता जोधपुर, डॉ. सुमन गुप्ता लखनऊ, श्री सूर्यमणि रघुवंशी बिजनौर, श्री चेलवराजम कर्नाटक, श्री प्रमोद अग्रवाल आगरा, श्री अनिल गुप्ता जयपुर, श्री हर्षद भाई खामर कर्नाटक तथा श्री रणधीप सिंह हरियाणा ने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने पत्रकारों की सुरक्षा, प्रेस की स्वतंत्रता, मीडिया उद्योग के समक्ष उभरती चुनौतियों तथा लघु एवं मध्यम समाचार-पत्रों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्री रज़ा रिजवी, श्री एन. मुनियप्पा तथा श्री वेंकटेशैया एम.यू. सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाचार पत्र उद्योग के समक्ष मौजूद चुनौतियों के समाधान हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

**सम्मेलन का समापन प्रेस की स्वतंत्रता, उत्तरदायी पत्रकारिता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए किया गया।**

## पर्यावरण दिवस पर चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने किया वृक्षारोपण



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया। नगरपालिका परिषद की ओर से 5 जून को पूरे विश्व में मनाए जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस के तहत नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने वाटर वर्क्स में वृक्षारोपण करके विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की ईओ श्रीमती मुक्ता सिंह, नगर पालिका के एकाउंटेंट इनामुल हक, दानिश अहमद, अजमल खान, नासिर कुरैशी, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### पौधारोपण किया, संरक्षण का संकल्प लिया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार रोड, नजीबाबाद में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह एवं कार्यालय प्रमुख संजीव कुमार ने विद्यालय में पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर आचार्य सचिन कुमार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर पौधारोपण किया गया

**नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कान्हा गौशाला जलालाबाद में विभिन्न सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष भाजपा मास्टर रमेश सिंह, चौधरी ईशम सिंह, नामित सभासद दीपक वाल्मीकि, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनूप रावत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन की कामना की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूक किया गया। नगर पंचायत जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी अनूप रावत एवं भाजपा नेताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर आम, मोरिंगा, कटहल, के पांच पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। वरिष्ठ नेता मा रमेश सिंह की अध्यक्षता एवं नामित सभासद दीपक वाल्मीकि के संचालन में संपन्न बैठक में चौधरी ईशम सिंह, अधिशासी अधिकारी दीपक रावत, सोहन सिंह, अमर चुनियाल, अरुण कुमार, नईम अंसारी, नौशाद, महिपाल सिंह, सुनील सिंह आदि सभी ने गौशाला में पल रहे गोवंशों को गुड़, केले एवं हरा चारा खिलाकर पूजन करके उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का जन्म दिवस मनाया।

## केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता शुभम अग्रवाल उर्फ लवी के हरिद्वार मार्ग स्थित प्रतिष्ठान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन ढोल की थाप पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर शुभम अग्रवाल पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने संयुक्त रूप से केक काटा। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ता युग पुरुष योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर सब प्रण लेते हैं कि 2027 मे भाजपा को 400 सीटों पर जीत दिलाकर योगी जी को पुन: मुख्यमंत्री बनाने का तोहफा देंगे। इस मौके पर विनोद राठौर, सभासद शिवम अग्रवाल, यूनुस कुरैशी, अभिषेक, बबलू, अरविन्द सालवान, विशाल गुप्ता, राकेश, कमल बंधु आदि मौजूद रहे।

# यूपी विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में 'राजनीतिक विरासत' की होड़

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव करीब आते ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर 'विरासत की राजनीति' फिर चर्चा में है।

पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की चाहत है कि उनके बच्चे सियासत में सक्रिय हों और परिवार की राजनीतिक जमीन को आगे बढ़ाएं। टिकट को लेकर अभी कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन इन नेताओं के बेटे-बेटियों ने जमीनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़ी उपस्थिति, जनता से सीधा संवाद और सोशल मीडिया पर सक्रियता से साफ है कि वे मैदान में उतरने के लिए कमर कस चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बड़े बेटे पंकज सिंह पहले से विधायक हैं। अब छोटे बेटे नीरज सिंह भी राजनीतिक गलियारों में तेजी से सक्रिय हुए हैं। पिछले कई सालों से नीरज लखनऊ में पिता की अनुपस्थिति में पार्टी कार्यक्रमों और सार्वजनिक मंचों पर प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक भाजपा उन्हें लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट से उतार सकती है, या फिर संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।

यूके की लीड्स यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट नीरज सोशल मीडिया पर खासे सक्रिय हैं और युवाओं के बीच उनकी पकड़ भी मजबूत मानी जाती है ।


जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा भी चुनावी दौड़ में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी उनके नाम की चर्चा थी, लेकिन टिकट नहीं मिला। इस बार गाजीपुर सदर से उन्हें मौका मिलने की संभावना ज्यादा बताई जा रही है।



अभिनव जिले में प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान और पार्टी बैठकों में लगातार नजर आ रहे हैं। गाजीपुर सदर सीट 2022 में भाजपा से संगीता बलवंत ने लड़ी थी, जो अब राज्यसभा पहुंच चुकी हैं। ऐसे में नए चेहरे की तलाश में अभिनव का नाम सबसे ऊपर है। फिलहाल यह सीट सपा विधायक जय किशन साहू के पास है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बेटे करण महाना भी सक्रिय हुए हैं। बिजनेसमैन और भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य करण ने पिता के क्षेत्र महाराजपुर में हाल में अपनी मौजूदगी बढ़ाई है। इसी तरह झारखंड के राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को भी टिकट मिल सकता है। 2024 लोकसभा में उनका नाम चला था लेकिन टिकट नहीं मिला। अब बरेली की बहेड़ी सीट खाली होने से समीकरण उनके पक्ष में दिख रहे हैं। छत्रपाल गंगवार के लोकसभा पहुंचने के बाद भाजपा को यहां नए चेहरे की जरूरत है। मुस्लिम और कुर्मी बहुल बहेड़ी में श्रुति की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

पूर्व भाजपा विधायक बृज भूषण शरण सिंह की बेटी शालिनी सिंह नोएडा में सक्रिय हैं। सूर्या चौहान हत्याकांड के बाद पीड़ित परिवार से मुलाकात और सामाजिक मंचों पर मुखरता से वे चर्चा में आईं। नोएडा सिटीजन फोरम की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी वकील, लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। हालांकि नोएडा सीट फिलहाल राजनाथ सिंह के बेटे पंकज सिंह के पास है, इसलिए टिकट की राह आसान नहीं मानी जा रही। कांग्रेस छोड़ भाजपा में आईं रीता बहुगुणा जोशी के बेटे मयंक जोशी भी मैदान में उतरने की कोशिश में हैं।

DF धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते गोण्डा को नहीं मिला उचित सम्मान- योगी

**गोण्डा (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले गोंडा जिले को लंबे समय तक परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उसका उचित सम्मान नहीं मिल सका। योगी ने जिले में कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र की कर्नलगंज और कटरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए लगभग 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर स्थित मां पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम के बाद गोण्डा जिले के चकरौत गांव पहुंचे, जहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोण्डा एक ऊर्जावान जनपद है, जहां के किसान, बेटियां और महिलाएं आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के पिछले वर्षों के प्रयासों से आज गोण्डा के युवाओं को नई पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और निवेश आधारित रोजगार के अवसरों में जिले के युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार बिना किसी जाति, धर्म, क्षेत्र या पंथ के भेदभाव के पात्र लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

Hero
खुशियों में हीरो बनेगा हमेशा की तरह आपका हमसफ़र
जल्द से जल्द आयें और आकर्षक उपहार के साथ अपनी बाइक घर ले जायें।
आकर्षक उपहार


SPLENDOR+ शुरुआती दाम ₹ 77119*
HF Deluxe शुरुआती दाम-₹ 62105*
नियम शर्तें लागू *
* 5 CRORE + HAPPY SPLENDOR CUSTOMERS
सबसे कम दाम व सबसे सस्ता फाइनेंस
एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।
* कम से कम डाउन पेमेंट
* सबसे कम ब्याज दर
* बिना चेक बुक के फाइनेंस
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## कब थमेगी ऑनर किलिंग?

ऑनर किलिंग के लिए हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान व दिल्ली के कई क्षेत्र विशेष रूप से हाल के वर्षों में कुख्यात हुए हैं। विशेषकर हरियाणा तो सारी सीमाएं तोड़ चुका है। यहां मर्जी से विवाह करने के इच्छुक या सगोत्रीय प्रेमी जोड़ों को अपनों के ही हाथों जब-तब जान गंवानी पड़ी है। देश भर में इस मुद्दे पर होने वाले धरना-प्रदर्शन और अदालत द्वारा गंभीर चिंता जताये जाने के बावजूद तथाकथित इज्जत के रखवाले माता-पिता तथा सगे-सम्बन्धी अपने ही बच्चों को मारने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस प्रसंग में रोहतक की एक घटना ने क्रूरता की हदें पार कर दी। जिले के कलानौर क्षेत्र के धरनौती गांव में जाट समुदाय की 20 वर्षीय लड़की और 25 वर्षीय लड़का एक ही गोत्र में पैदा होने के चलते प्रेम करने के अपराध में परिवार द्वारा मार डाले गए। लड़की फाइन आर्ट्स की छात्रा और लड़का आईटीआई डिप्लोमा का छात्र था। दोनों कई साल से एक-दूसरे को चाहते थे। परिवारवालों के विरोध के बावजूद शादी करने का फैसला कर दोनों दिल्ली चले आए तो लड़की के घरवालों ने उनके दिल्ली ठिकाने का पता लगा दोनों से वादा किया कि उन्हें कुछ नुकसान नहीं होगा, वे घर आ जाएं। आश्वासन पा दोनों घर आ गए। लेकिन घरवालों ने पहले लड़की को मौत के घाट उतार दिया और फिर धर्मेंद्र के हाथ-पैर तोड़ और सर काट शव उसके घर के सामने फेंक दिया। गिरफ्तार पिता को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं। उसका कहना था कि जरूरत पड़ी तो मैं फिर ऐसा ही करूंगा। लड़के के घरवालों ने भी मुकदमा दर्ज करने से इन्कार कर दिया। कुछ समय पहले हरियाणा के ही करनाल जिले के बल्ला गांव की घटना भी सुर्खी बनी थी। दूसरे गांव में खुशहाल जीवन जी रहे प्रेमी युगल का अपहरण कर परिवारीजन गांव लाए और उन्हें पीट-पीट कर मार डाला। गर्भवती बेटी के हत्यारे परिवारीजनों ने दोनों की लाश इस चेतावनी के साथ काफी देर तक घर के सामने रखी ताकि आइंदा कोई ऐसी हिमाकत न करे। इस पर गांव की पंचायत की मुहर के बाद में 36 गांवों की पंचायत में मंच से कहा गया कि गांव की इज्जत मिट्टी में मिलाने वालों को यही सजा होनी चाहिए। लड़की के मां ने भी मीडिया से कहा कि वह इसी लायक थी। उत्तर भारत का पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथाकथित इज्जत के नाम पर हत्याओं में अव्वल रहा है। आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा में हत्याओं के 10 प्रतिशत मामले इज्जत की खातिर होते हैं। ऐसी घटनाओं के मामले में अमूमन परिवार सहित पूरे गांव की सहमति होती है।


# क्या बेटी की शादी बचाना उसकी जान बचाने से ज़्यादा ज़रूरी है?

**-इक़बाल हिंदुस्तानी**



भोपाल की ट्विशा शर्मा की हत्या या आत्महत्या तो निष्पक्ष जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन जो बात सबको पता है, वह यह है कि यह मामला न तो पहला है न ही आखिरी। हम इस बात पर भी अधिक ज़ोर नहीं देंगे कि दहेज़ की नाजायज़ मांग और नहीं मिलने पर बहु को सताना, असहनीय यातनायें देना और अंत में क्रूरता की सारी सीमायें पार करते हुए उसको मार डालना हमारे समाज में कितना आम हो चुका है। हमारा सवाल यह है कि जब ट्विशा के माता-पिता को यह बात साफ- साफ पता लग चुकी थी कि उनकी बेटी को ससुराल में तरह - तरह से परेशान किया जा रहा है और उसकी जान को ख़तरा है। तब भी वे अपनी बेटी को तलाक़ दिलाकर घर लाने की बजाये उसके घर आने पर बार-बार समझाकर उसके ससुराल मौत के मुंह में क्यों भेज रहे थे? अगर ट्विशा के परिवार वाले कम शिक्षित या बेहद गरीब होते, तब भी यह माना जा सकता था कि वे उसकी शादी फिर से करने के लिये इतना धन नहीं जुटा सकते थे। लेकिन ट्विशा का मामला इस कैटेगिरी में भी नहीं आता है। उसकी शादी डेटिंग एप के द्वारा समर्थ से दिसंबर 25 में हुयी थी। 12 मई 2026 को छह माह बाद ही ट्विशा ससुराल में फंदे से लटकी मिली। समर्थ एक वकील है, जबकि उसकी मां ज़िला जज के पद से रिटायर हुयी थी। आरोप है कि ट्विशा की सास बेटे की पसंद की वजह से अंतर्जातीय विवाह को मजबूर हुयी, लेकिन बहु को धार्मिक मंत्र याद नहीं होना और उसको बिना बताये घर से बाहर जाना स्वीकार नहीं था। सवाल यह है कि जो महिला ज़िला जज के पद पर रह चुकी हो और उससे न केवल दूसरे लोगों को न्याय देने की आशा की जाती हो, बल्कि उससे अपनी सोच समझ और दृष्टिकोण प्रगातिशील तार्किक और विवेकशील होने की अपेक्षा की जाती हो, वह भी इतनी दकियानूसी अंधविश्वासी और अमानवीय कैसे हो सकती है?





बताया जाता है कि उसकी सास को अपनी बहु का अपनी मां से बहुत बात करना और उसके पेट में पल रहे बच्चे का पिता कोई और होने का भी शक था। ये सब विवाद बहस और आरोप ट्विशा के परिवार को भी पता थे। जिनको लेकर अकसर उसके घर में झगड़ा होता था। लेकिन ट्विशा के घर वाले उसको हर बार यही समझाते थे कि वह संयम से काम ले, प्रतीक्षा करो और समय बीतने के साथ सब कुछ ठीक हो जायेगा। ट्विशा ने अपने परिवार को यह भी बताया था कि उसका पति न केवल ड्रग लेता है, बल्कि गुस्से में इतना बेकाबू हो जाता है कि वह उसके साथ किसी दिन कोई भी बड़ी अनहोनी कर सकता है। लेकिन उसके घर वाले उसको फोन पर मिलने पर और मायके आने पर हर बार यही समझाते रहे कि उसको अपनी ससुराल में ही एडजस्ट करना है। यानी एक तरह से उन्होंने अपनी बेटी की जान की कीमत पर भी उसके लिये घर वापसी के दरवाज़े पूरी तरह बंद कर दिये। उन्होंने उस कहावत को चरितार्थ कर दिया कि एक बार बेटी घर से डोली में जायेगी तो फिर उस घर से उसकी अर्थी ही निकलेगी। इसका मतलब बेटी के साथ उसके ससुराल वाले कुछ भी अनर्थ और अन्याय, अत्याचार करें, लेकिन बेटी को उसके माता-पिता घर वापस लाने की बात सोच भी नहीं सकते। हैरत और दुःख की बात यह रही कि बेटी ने बार-बार न केवल मौखिक सीधे मिलकर बल्कि व्हाट्सएप चैट में भी ससुराल में अपनी जान को ख़तरा बताया, लेकिन 'कन्यादान' करने वाला समाज असंवेदनशील बना रहा। कुछ लोग शादी को सात जन्मों का संबन्ध बताते हैं। लेकिन वे यह नहीं मानते कि शादी एक जुआ भी है। जिसका होने के बाद ही पता चलता है कि सही हुयी या गलत। अगर हम यह बात स्वीकार कर लें कि हमसे रिश्ता चुनते हुए गलती भी हो सकती है तो उसको तलाक दिलाकर खत्म किया जा सकता है। जिस शादी में कुछ महीने बाद ही यह बात पता लग गयी थी कि न केवल पति नशेड़ी और गुस्सैल, बल्कि ट्विशा की सास भी बहुत पुराने विचारों दकियानूसी और सख्त मिज़ाज की महिला है, उसमें किसी अनहोनी के होने की प्रतीक्षा करने की क्या ज़रूरत थी? हालांकि यह सच है कि लड़की चाहे उच्च शिक्षित हो, अमीर हो या फिर बहुत कमाने वाली बड़े पद पर आसीन हो, लेकिन अगर एक बार उसका तलाक हो गया तो समाज उसको 'सेकेंड हैंड' की संज्ञा देकर उसका पक्ष न जानकर उसकी दूसरी शादी के विकल्प कम कर देता है। साथ ही अगर उसके साथ कोई बच्चा भी मौजूद हो तो उसकी दूसरी शादी और भी कठिन हो जाती है, जबकि पुरूषों के साथ ऐसा नहीं होता है। यही हमारे समाज का दोगलापन, अन्याय और पक्षपात है। तलाकशुदा और साथ में पहले पति से बच्चे वाली की तो बात ही क्या है, अगर किसी लड़की या महिला के साथ बलात्कार हो जाये और उसमें उसकी ज़रा भी गलती नहीं हो, तब भी समाज उसकी शादी तो दूर उसके साथ ही उसके परिवार का जीना भी हराम कर देता है। ट्विशा के मामले का एक दुखद पहलू यह भी है कि उसके केस से एक बार फिर साबित हुआ कि कानून सबके लिये बराबर नहीं है। पहले तो उसके केस को आत्महत्या बताकर पुलिस ने तीन दिन तक पूर्व जिला जज उसकी सास के दबाव में एफआईआर ही नहीं लिखी। बाद में जब तीन दिन बाद रपट लिखी भी तो पुलिस ने उसके परिवार की तहरीर के बजाये अपने हिसाब से हल्की धाराओं और कमज़ोर आरोपों के साथ खानापूरी की। इसका नतीजा यह हुआ कि उसकी सास अपने रसूख के बल पर कुछ ही घंटों में ज़मानत हासिल करके आराम से अपने घर चली गयी। इतना ही नहीं पुलिस ने उसके आरोपी पति को फरार होने का पूरा मौका दिया। बाद में ट्विशा के सेना में जनरल भाई ने जब रिटायर सैन्य कर्मियों के संगठन को यह सब बताया तो उन्होंने पुलिस प्रशासन और शासन के खिलाफ मोर्चा खोलकर रिपोर्ट तरमीम कराई, दोबारा ट्विशा की डैडबॉडी का पोस्टमार्टम हुआ और उसकी सास की ज़मानत खारिज कर केस की जांच सीबीआई को दे दी गयी। इसके साथ ही भागने का कोई रास्ता न बचता देख उसके पति समर्थ ने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने उसको और उसकी मां पूर्व जज को रिमांड पर लेकर उस सख्ती और थर्ड डिग्री से पूछताछ नहीं की जिसके लिये हमारी पुलिस पहचान रखती है। शायर कहता है- तुम्हारी तहज़ीब अपने खंजर से आप ही खुदकशी करेगी, जो शाख़ ए नाज़ुक पे आशियाना बनेगा ना पायेदार होगा।

**नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर और पत्रकारिता और आकाशवाणी से चार दशक से अधिक समय से जुड़े हुए हैं।**

## गर्मी का मारा



भीषण गर्मी का मारा मैं, लू का बहुत सताया हूं।
उड़ते-उड़ते प्यास बुझाने, आसमान से आया हूं।।
रेत बजरियों के जंगल में, पानी का अब नाम नहीं।
सड़क किनारे बिन पेड़ों के, मिलता अब विश्राम नहीं।
हरे-भरे जंगल को कटते देख बहुत दुख पाया हूं।
उड़ते-उड़ते प्यास बुझाने, आसमान से आया हूं।।
तेज झुलसती गर्मी में जब, पानी पीने आते हम।
देख कहीं जल की धारा ना, प्यासे ही मर जाते हम।
हर पक्षी के मन की पीड़ा, समझ तुम्हें बतलाया हूं।
उड़ते-उड़ते प्यास बुझाने, आसमान से आया हूं।।
इक-दो मुट्ठी दाना छत पे रखने में क्या जाएगा।
चौड़े बर्तन में पानी रख, दुआ हजारों पाएगा।
मानव में नहीं मानवता का, अंश देख शर्माया हूं।
उड़ते-उड़ते प्यास बुझाने, आसमान से आया हूं।।
तरस रहे जैसे पशु-पक्षी, कल जग यूहीं तरसेगा।
जल की कीमत यदि अभी भी, नहीं आदमी समझेगा।
हर दिन गिरते जल स्तर का, रूप देख घबराया हूं।
उड़ते-उड़ते प्यास बुझाने, आसमान से आया हूं।।



**-अंजलि गोयल अंजू**
किरतपुर, बिजनौर

# किसान बनकर वोट डालोगे तो सरकारें नतमस्तक होंगी- गौरव



पंचायत को संबोधित करते हुए चौ. गौरव टिकैत

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत के सुपुत्र चौ. गौरव टिकैत शुक्रवार को अपराहन पौने पांच बजे मायापुरी के एक बैंकेट हॉल में पहुंचे। इससे पहले ग्राम महमसापुर से बैंकेट हॉल तक उनका ट्रैक्टरों के काफिले के साथ भव्य स्वागत किया गया। गौरव टिकैत स्वयं एक ट्रैक्टर चला रहे थे। ढोल-नगाड़ों, डीजे के द्वारा उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं-किसानों ने पलक-पांवड़े बिछा दिये। किसान पंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 40 साल पहले बड़े टिकैत साहब ने जब संगठन की स्थापना की थी, तब से ज्यादा संगठन की जरूरत आज महसूस होती है। तब सरकारें लोकतंत्र का सम्मान करती थीं, मगर आज की सरकारें कुर्सी बचाने के लिये अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाती हैं।

किसान बनकर वोट डालोगे, तो ये सरकारें आपके आगे नतमस्तक होंगी। सरकार किसानों को बांटने का षड्यंत्र रच रही है। वर्ष 2020-21 के बाद सैकड़ों किसान संगठन बने, मगर वे किसान की आवाज उठाने के बजाये, सरकारों के गुणगान करते फिर रहे हैं। इस संगठन (भाकियू टिकैत) के लिये तमाम लोगों ने अपनी शहादत दी है, इसलिये संगठन की पवित्रता को बनाकर रखो, जो किसानों की सेवा करने का जज्बा रखते हों, वही लोग संगठन में आयें। उन्होंने 15, 16, 17 और 18 जून को हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित होने वाले चार दिवसीय 'राष्ट्रीय चिंतन शिविर (किसान कुंभ)' की तैयारियों को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि संगठन में अनुशासन बहुत जरूरी है। बाबा टिकैत के संगठन के सामने ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान संभव न हो। संगठन 24 घंटे किसानों की सेवा के लिये तैयार है। पंचायत में शिवांत, सुरेन्द्र, यशवीर आदि ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। पंचायत के बाद ग्राम मायापुरी तथा शहजादपुर में भी चौ. गौरव टिकैत का स्वागत किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक मा. नयपाल सिंह की अध्यक्षता तथा जिला महासचिव नरदेव सिंह के संचालन में आयोजित पंचायत में प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर एवं सोनू चौधरी, जिलाध्यक्ष (युवा वर्ग) मनप्रीत संधू, पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश कुमार, तहसील नजीबाबाद अध्यक्ष जयप्रकाश राजपूत, नगीना तहसील अध्यक्ष सोनू विर्क, जिला प्रवक्ता राजेन्द्र सिंह, डा. विजय सिंह, अवनीश कुमार, मा. करन सिंह, अजय बालियान, मुकुल सहरावत, वीरेश राणा, ज्ञान सिंह, हुकम सिंह, भरत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सत्यपाल सिंह, नीटू सिंह, करतार सिंह, शिवांत, रोहित कुमार, निशांत सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## किसानों को 'वोट बैंक' बनना पड़ेगा

मायापुरी पंचायत के बाद ग्राम शहजादपुर में जिला उपाध्यक्ष अजय बालियान के आवास पर पहुंचे चौ. गौरव टिकैत से 'चिंगारी' प्रतिनिधि ने एक्सक्लूसिव वार्ता की। सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां खेती- किसानी को तबाह करने वाली हैं। किसान और किसानी सरकार की प्राथमिकताओं में दूर-दूर तक नहीं हैं। ये किसानों के सामने बड़ा संकट है। उन्होंने यह भी माना कि किसानों में बड़ा बिखराव है, इसीलिये उनकी बातें सुनी नहीं जा रही हैं। सरकार को पता है कि किसान संगठित हो गया, तो उनके हक देने पड़ेंगे और उनकी कुर्सी भी खतरे में आ जायेगी। किसानों को अगर अपने हक लेने हैं, तो संगठित होना ही पड़ेगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसान का सबसे बड़ा दुश्मन चुनाव में उसका किसान न बन पाने वाला नजरिया ही है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष किसान का कोई नहीं है। भाकियू की स्थापना ही सरकार की किसान विरोधी सोच से लड़ने के लिये हुई है। यदि किसान चुनाव के समय किसान बनकर ही वोट डालें, तो उसकी समस्याओं का काफी हद तक समाधान हो सकता है। सरकारों को झुकाने के लिये किसानों को वोट बैंक बनना पड़ेगा। जिस दिन किसान इस बात को समझ गया, किसी सरकार की ताकत नहीं है, जो किसान को इग्नोर कर दे। इस दौरान चौ. गौरव टिकैत ने बिजनौर के संगठन की तारीफ करते हुए इसे बहुत मजबूत बताया। उन्होंने कहा कि बिजनौर के संगठन के बूते तो हम बड़े-बड़े काम कर जाते हैं।



चिंगारी प्रतिनिधि से वार्ता करते हुए गौरव टिकैत।

## चांदपुर हॉकी क्लब ने पीलीभीत को हराया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** नैनीताल में चल रहे ऑल इंडिया ट्रेड कप हॉकी टूर्नामेंट में चांदपुर हॉकी क्लब की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए अपने पहले मैच पीलीभीत हॉकी क्लब को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

यह जानकारी देते हुए हॉकी क्लब चांदपुर के सचिव अफजल फारूकी ने बताया कि चांदपुर की टीम की ओर से आशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, हालांकि पीलीभीत की टीम ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्टी स्ट्रोक से किया गया, पेनल्टी स्ट्रोक में चांदपुर हॉकी क्लब की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। टीम के मैनेजर गजेन्द्र कुमार व मौ. इरफान ने टीम का मार्गदर्शन किया। क्लब के सचिव अफ़जल फारूकी ने जीत का श्रेय गुरु कमलेश द्वारा चांदपुर हॉकी के लिए किए जा रहे प्रयास को दिया।

## पर्यावरण दिवस पर बजाज शुगर मिल में निकाली गई प्रभातफेरी



**हल्दौर ( चिंगारी )।** बजाज हिंदुस्थान शुगर यूनिट बिलाई में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूनिट हेड विजयवीर सिंह के नेतृत्व में समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर मिल गेट से लेकर फैक्ट्री मेन गेट तक प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजनौर के सुनील कुमार यश (सहायक पर्यावरण अभियंता) व आशीष शर्मा (कनिष्ठ अभियंता) व अमित कुमार पाण्डेय, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, बिलाई एवं धामपुर, दीनानाथ यादव (उप आबकारी निरीक्षक), आबकारी विभाग सम्मिलित हुए। सभी ने मिलकर यह शपथ ली कि मैं प्राकृतिक संसाधनों का समुचित तरीके से इस्तेमाल करूंगा और इसे व्यर्थ नहीं करूंगा। कम से कम दस पेड़ लगाना एवं देखभाल मेरी मौलिक जिम्मेदारी है। सभी के द्वारा मिलकर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार अग्रवाल महाप्रबंधक उत्पादन, गोपाल त्यागी इंजीनियरिंग हैड, कपिल त्यागी एडमिन एंड सिक्योरिटी हैड, अनुज शर्मा आईटी हैड, संजय कुमार गुप्ता अकाउंट हैड, विजयवीर सिंह लैब हैड, संजय गोयल एचआर हैड, नीरज कुमार, स्टोर हैड, सुधीर पंवार पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग हैड आदि उपस्थित रहे।

## हिमालय अकादमी में हुआ वृक्षारोपण



**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिमालयन अकेडमी अकौंधा के प्रबंधक तपेंद्र चौधरी ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विद्यालय के प्रांगण में कई पौधे लगाए गए। सचिन कुमार, जगबीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बबीता रानी, सुमन रानी, निधि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडिटों ने किया पौधारोपण




**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें एनसीसी कैडिटों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कु. रुखसार, श्रीमती अनीता आदि अध्यापक, अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# पर्यावरण केवल पेड़-पौधों तक ही सीमित नहीं : त्रिलोकचन्द भट्ट

## पर्यावरण दिवस पर पत्रकारों ने आयोजित की संगोष्ठी




**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स उत्तराखण्ड की हरिद्वार इकाई द्वारा लालढांग के लाला ओम प्रकाश ज्ञानदीप कन्या इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए एनयूजे के संरक्षक त्रिलोक चन्द्र भट्ट ने कहा कि पर्यावरण केवल पेड़-पौधों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि जल, वायु, भूमि और ध्वनि प्रदूषण से भी इसका सीधा संबंध है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता पौधारोपण की ही नहीं, बल्कि पौधों को संरक्षित रखने की है। यूनियन के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह सिद्धु ने कहा कि पत्रकार समाज का जागरूक प्रहरी होता है और पर्यावरण संरक्षण जैसे जनहित के विषयों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना मीडिया का दायित्व है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। पौराणिक देवभूमि सोसाइटी के संस्थापक सुमन धस्माना ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम अपने जीवन में एक पौधे को लगाकर बच्चों की तरह उसका लालन पालन करना चाहिए। विधिक प्राधिकरण के अधिकार मित्र मुकेश कुमार सहित को विभिन्न वक्ताओं ने भी गोष्ठी को संबोधित किया।



## मेधावी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को सम्मानित किया

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षको को सम्मानित किया गया। साथ ही आशा नेगी, विमला रावत, आचार्य सुमन धस्माना तथा सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले अन्य व्यक्तियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। संगोष्ठी के उपरान्त विद्यार्थियों, अध्यापकों, अभिभावकों एवं यूनियन पदाधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में आंवला एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। संगोष्ठी का संचालन धन सिंह बिष्ट ने किया। कार्यक्रम में नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के प्रदेश कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह, मुकेश कुमार सूर्या, संजय अग्रवाल, सूर्या सिंह राणा, भगवती प्रसाद गोयल, प्रभाष भटनागर, मुदस्सर मसूरी, जयचंद्र चतुर्वेदी, अमीषा विष्ट, स्वर्णलता धस्माना, सुभाष सैनी, प्रकाश चन्द्र डोबरियाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समर कैम्प में विद्यार्थियों ने सीखी तमिल व पंजाबी भाषा

## खेल दिवस के रूप में हुआ कैम्प का समापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के गाड़ी घाट स्थित ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हो गया है। इस दौरान विद्यार्थियों ने तमिल, पंजाबी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के दैनिक प्रयोग में आने वाले शब्दों का अभ्यास किया तथा विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक परंपराओं एवं विशेषताओं का ज्ञान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डा. सुभाष चतुर्वेदी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा के शब्द सिखाए गए। द्वितीय दिवस पर तमिल भाषा से परिचित कराया गया। तृतीय दिवस पर विद्यार्थियों को भारत की समृद्धि सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित करने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति देने का अवसर प्रदान किया गया। चौथे दिन विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की पारंपरिक थाली तैयार करते हुए विभिन्न दालों से बने व्यंजनों को प्रदर्शित किया। पांचवें दिन विद्यार्थियों ने नाटक का प्रस्तुतीकरण किया। छठवें दिन विद्यार्थियों को ध्यान के महत्व और जीवन में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। वहीं अतिम दिवस खेल दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर के समापन समारोह में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नन्ही दुनिया भावी राष्ट्र के अध्यक्ष एवं राजकीय महाविद्यालय, कोटद्वार के छात्रसंघ महासचिव अनुराग कंडवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुराग कंडवाल ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सतत दायित्व है। उन्होंने युवाओं से अधिकाधिक पौधारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का आह्वान किया। कहा कि अगर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे, तो मानव के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो जायेगा और पर्यावरण भी प्रदूषित होगा। इसलिए हम सबको पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। मौके पर विचार गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण का संकल्प लिया। गोष्ठी में छात्र संघ अध्यक्ष अमित काला, अंशुल नेगी, ऋषभ बुड़ाकोटी, संजय कुमार, विनोद कुमार, जयदीप सिंह और मानव नेगी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### सूचना

मेरा पुत्र शहजाद व उसकी पत्नी शीबा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं तथा उनका आचरण मेरे प्रति ठीक नहीं है। मैंने उनसे सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। उनके किसी कृत्य से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

**-सरफराज पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम सराय आलम, थाना नांगल ( बिजनौर )**

### सूचना

मेरा पुत्र आशीष व पुत्रवधू रचना मेरे कहने से बाहर हो गये है। अत: मैंने उक्त दोनों से अपने संबंध खत्म कर लिए है एवं उक्त दोनों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उक्त दोनों के द्वारा किये गये कार्यों व लेन-देन के प्रति मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-सुसेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह, ग्राम शहजादपुर, परगना व थाना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर**

# हाईवे पर दौड़ते ओवर लोड वाहन छोटे वाहनों के लिए बन रहे ख़तरा

**लालढांग ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलगाम दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक, डंपर आदि टू-व्हीलर और छोटे वाहनों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। ओवरलोड के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन ओवरलोडिंग वाहनों पर कार्रवाई न होना अपने आप में बड़ा सवाल है। हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर ओवरलोड डंपर रेत बजरी और मिट्टी भरकर फर्राटा भरते हैं। क्षमता से दोगुना माल लोड होने के कारण डंपर में भरी खनन सामग्री सड़क पर बिखर जाती है, जिससे पीछे चल रहे बाइक सवार फिसल कर चोटिल हो जाते है। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार कोई भी मालवाहक अपनी क्षमता से ज्यादा लोड नहीं ले जा सकता, फिर भी हाईवे पर 10 टन क्षमता वाले ट्रकों में 25-30 टन माल भरा जा रहा है। चालक तेज रफ्तार और गलत ओवरटेक भी करते हैं। वाहन चालकों और राहगीरों का कहना है कि हाईवे पर चेकिंग सिर्फ कागजों में होती है। नजीबाबाद हरिद्वार हाईवे पर आजकल ओवरलोड वाहनों की भरमार रहती है। हाईवे से सफर करने वाले लोगों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगे ताकि टू-व्हीलर और छोटे वाहन चालक सुरक्षित सफर कर सकें।

# सिद्धबली बाबा के दर्शन करने आये एसएस बिट्टा

## मंदिर समिति ने किया स्वागत



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रमुख राजनेता और ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम एस बिट्टा ने कोटद्वार पहुंचकर श्री सिद्धबली मंदिर में पूजा अर्चना की और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी भेंट की। इस अवसर पर सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से उनका स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष डा. जे पी ध्यानी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा उन पर कई बार हमले किए गए। जानलेवा हमलों के बाद भी उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखी है, इसलिए उन्हें जिंदा शहीद के नाम से संबोधित किया जाता है। वर्तमान में वे राजनीति से दूर रहते हुए अपना पूरा समय शहीद सैनिकों और आतंकवादी हमलों के पीड़ितों के परिवारों की सहायता में लगा रहे हैं। इस अवसर पर समिति सचिव शिव प्रसाद पोखरियाल, ऋषभ भंडारी, विजयानंद पोखरियाल, रवींद्र नेगी, राजदीप माहेश्वरी व गिरीश कोठियाल मौजूद रहे।

# वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : आशीष शर्मा

## शुगर मिल परिसर में रोपे 1100 पौधे, मानसून सत्र में रखा गया 11000 का लक्ष्य



धामपुर शुगर मिल में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए आशीष शर्मा।

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में मिल परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मानसून सत्र में लगभग 11,000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अभियान के प्रथम चरण में 1,100 पौधों का रोपण मिल के श्रमिकों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं श्रमिक प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर आशीष शर्मा ने कहा, वृक्ष ही जीवन हैं। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। अत: सभी को बढ़-चढ़कर पौधारोपण करना चाहिए। वृक्षारोपण अभियान में संजीव कुमार, सुनील राणा, विकास अग्रवाल, अभय शर्मा, सत्यवीर सिंह, मनोज चौहान, मोहित वशिष्ठ, विवेक सिंह यादव, करुण अग्रवाल, अनुज मलिक, अजय पांडे, अमित मिश्रा, सुरजन सिंह, रणजीत सिंह हिमांशु शर्मा, लवकुश चौहान, विनोद बिष्ट, मुकेश कश्यप, पंकुल अग्रवाल, प्रवीण भारतीया, विनोद सिंह राणा, दुर्गेश राठौर, दिवाकर गुप्ता, एक्साइज इंस्पेक्टर साजिद अली, हारुण खान, सुरेश सिंह, योगेंद्र, सुरेंद्र, संजीव सिन्हा, सौरभ वर्मा, सोमपाल, भरत भूषण बरनी, स्मृति यादव, शरद गहलौत, भुवनेश, लविश, पर्यावरण टीम की ओर से वीरेंद्र सुपरवाइजर, अतुल माली, जयप्रकाश, लोकेंद्र, राजेश, पप्पू, भूपेंद्र आदि का विशेष योगदान रहा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा दिए गए लक्ष्य के पौधों को रोपित करने के लिए पर्यावरण प्रबंधक अरुण चौहान ने अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए शपथ दिलवाई।

## विधायक व ब्लॉक प्रमुख ने किया वृक्षारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम नवादा केशो में सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर धामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान, बीडीओ त्रिलोक चंद, एडीओ पंचायत विवेक शर्मा, एडीओ समाज कल्याण सतेन्द्र कुमार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नीरज राणा, नैपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान नरेश कुमार, सचिव सहदेव, हिमांशु, त्रिवेन्द्र, मनोज, मीरा, सनोमति, विवेक, रीना, उपदेश, रईस अहमद आदि मौजूद रहे।


पौधारोपण करते हुए भाजपा विधायक एवं ब्लाक प्रमुख।



शिवाजी पार्क में पौधारोपण करते हुए नगर पालिका स्टाफ।

## नगर पालिका स्टाफ ने शिवाजी पार्क में किया पौधारोपण

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा शिवाजी पार्क में ईओ रवि शंकर शुक्ला, संतोष राजपूत, सभासद वार्ड नंबर 5 एवं पालिका स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया। इसके बाद नगीना रोड स्थित गोस्वामी श्मशान घाट पर भी पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नितिन अग्रवाल विकास अग्रवाल विशाल अग्रवाल नसरुद्दीन अंसारी, अमित अग्रवाल सुनील जोशी पुष्पेंद्र सक्सेना आदि स्टाफ भी मौजूद रहा।

## केक काटकर मनाया योगी का जन्मदिन




**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल धामपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षा पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से केक काटकर भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ समाज के वंचित वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नागेश्वर दयाल गहलौत, शेखर अग्रवाल, सौरभ बिश्नोई, सभासद संतोष राजपूत, सभासद नमीता अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अरविंद शर्मा, सुशील अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नहर निर्माण में मनमानी का आरोप लगाया किसानों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया



नहर निर्माण को लेकर किसानों का प्रदर्शन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नहटौर मार्ग स्थित गांव गजूपुरा में किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर नहर बनाने के दौरान मनमानी करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। गांव गजूपुरा निवासी किसान नेता रामकुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, परम सिंह का कहना है कि उनके खेतों से होकर निकाली जा रही नहर स्वीकृत नक्शे के अनुसार नहीं बनाई जा रही है। उन्होंने नहर की खुदाई का विरोध करते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर नक्शे के अनुरूप नहर निर्माण कराने की मांग की है। शुक्रवार को सिंचाई विभाग की टीम गांव गजूपुरा में नहर की खुदाई करने पहुंची थी। इस दौरान किसानों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। किसानों का आरोप है कि नहर की दिशा बदल दी गई है, जिससे उनकी कीमती कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंचाई और राजस्व विभाग गूंगा और बहरा हो गया है और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित भूमि के अनुसार नहर का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

उधर, सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) त्रिलोक चंद लांबा ने बताया कि मामला हाईकोर्ट में निस्तारित हो चुका है और विभाग अधिग्रहित भूमि पर ही माइनर का निर्माण करा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ किसान निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे थे, लेकिन पुलिस प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हो गई है।

# शाकुंभरी देवी क्षेत्र में पेड़ पर लटका मिला हल्दौर के शिवम वर्मा का शव

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर निवासी बजरंग दल के विभाग संयोजक शिवम वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव जनपद सहारनपुर क्षेत्र में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया और संगठन के लोगों में शोक व्याप्त हो गया। पोस्टमार्टम होने के बाद रात्रि में उनका शव हल्दौर पहुंचा और आज सुबह गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मृतक का फाइल फोटो।

स्थानीय मुहल्ला रईसान निवासी शिवम वर्मा ( 28 वर्ष ) पुत्र स्व. बालेश वर्मा बजरंग दल में विभाग संयोजक थे। कुछ दिन पूर्व वह अपनी मां के साथ मामा के यहां देहरादून गए थे। शुक्रवार की सुबह उनका शव जनपद सहारनपुर के माता शाकुंभरी देवी क्षेत्र के जंगल में पेड़ पर लटका हुआ मिला। जिसकी खबर से सनसनी फैल गई और परिजनों में कोहराम मच गया तथा नगर में शोक व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही परिजन व नगर के काफी लोग सहारनपुर के लिए रवाना हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों के अनुसार वहां की पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल करने में लगी हुई है। शुक्रवार की रात्रि पोस्टमार्टम होने के बाद शिवम वर्मा का शव मुहल्ला रईसान स्थित उनके आवास पर पहुंचा, जहां उनके अंतिम दर्शन करने वालों का तांता लग गया। आज सुबह गंगा बैराज घाट बिजनौर पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक परिसर में किया गया पौधारोपण

**हल्दौर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ एवं ग्राम प्रधानों ने कई पौधे रोपित किए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रकृति संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें समय-समय पर पौधे रोपित करने चाहिए, जो हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। विकास खंड अधिकारी सीपी पांडे ने उपस्थित ग्राम प्रधानों का आह्वान किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाएं। पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधारोपण किया जाना अनिवार्य है। वृक्षों की कमी से हमें प्रदूषित हवा मिलती है जो हर प्राण धारी के लिए घातक है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने कहा कि धरा का गहना ही पौधे हैं। पर्यावरण की सुरक्षा और प्रकृति को सुंदर बनाने के लिए हर व्यक्ति को पौधारोपण करना चाहिए। पौधारोपण कार्य में ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह उर्फ भोले, हेमेंद्र सिंह, अमित कुमार, शीशपाल सिंह, दीपक शर्मा, रोहिताश सिंह, प्रदीप कुमार, इंतजार अहमद, मौ.सादिक, शोभित शर्मा, हसमतुल्लाह, वीरेश कुमार, नीरज कुमार, संजय कुमार, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।




# विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह-जगह हुआ वृक्षारोपण

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर क्षेत्र में जगह-जगह विचार गोष्ठी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में अभियान चलाकर पौधारोपण किया गया। भाकियू (सामाजिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार भोले एड. के नेतृत्व में किसानों ने क्षेत्र में बड़ी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया। क्षेत्र के खैराबाद स्थित म्हाड़ी मंदिर परिसर में वृक्षारोपण करने के दौरान भाकियू (सामाजिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार भोले ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों की भीषण गर्मी केवल मौसम का बदलाव नहीं, बल्कि प्रकृति की एक चेतावनी है, यदि इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो जीवन असंभव हो जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय सिंह, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशु उजलान, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अलका सिंह, युवा जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष ललित कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष अफजलगढ़ हुकम सिंह, अफजलगढ़ नगर अध्यक्ष हाजी अब्दुल बारी, ग्राम प्रधान राजेश सिंह रवि आदि अनेक संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे।



# संवाद सम्मेलन में व्यापारियों ने रखीं जीएसटी संबंधी समस्याएं



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारी संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें व्यापारियों ने विभाग से संबंधित अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। यहां नूरपुर रोड स्थित मंडप में आयोजित कार्यक्रम में नगर के व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों को अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि एक स्टेट से दूसरे स्टेप में सामान ले जाने पर बीच में जो स्टेट पड़े, वहां के अधिकारी उस सामान को रोककर व्यापारियों को परेशान न करें। व्यापारी द्वारा किसी भी प्रकार की अपील हिंदी में प्रस्तुत करने पर उसे स्वीकार किया जाए। इसके अलावा व्यापारियों ने अन्य मांगें भी रखीं। अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निवारण करने का व्यापारियों को आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों की ओर से राकेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र त्यागी, सुधीर अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, बृजेश कौशिक, अनुज गुप्ता, मोहित अग्रवाल, विष्णुगोपाल, नवीन माहेश्वरी, अंकुर अग्रवाल चेरी, प्रशांत अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अंकित गोयल, विशाल कर्णवाल, जितेंद्र भाटिया, पराग अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# दिव्य सेवा संस्थान ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**नगीना ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों ने पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के विद्यार्थियों व पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर हरेवली रोड, धामपुर रोड, मोक्षधाम घाट व कोतवाली परिसर नगीना आदि स्थानों पर फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपित किए। शुक्रवार को समाज सेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के सेवादारों ने पर्यावरण संतुलन और पौधारोपण के लिए समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना नगीना में कोतवाल अवनीत मान की उपस्थिति में पौधा रोपित करके पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और हरेवली रोड, धामपुर रोड, मोक्षधाम घाट, मां दुर्गा मंदिर रामलीला बाग सहित अनेक स्थानों पर फलदार, छायादार व औषधीय पौधे रोपित किए। और सभी से अधिक से अधिक पौधे रोपित करके उनका पालन- पोषण करने की अपील की। ताकि भविष्य में पर्यावरण संतुलन बना रहे। और ग्लोबल वार्मिंग से हमारी भावी पीढ़ी सुरक्षित रह सके।



**वृक्षारोपण करते भाकियू सामाजिक के पदाधिकारी।**

इस अवसर पर दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा के साथ राजकुमार बिश्नोई, शिवम अग्रवाल, मनोज आढ़ती व पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून से इंटर्नशिप के बच्चों में ग्रुप लीड मेहुल सेठी, ध्रुव, देव, लक्ष्य, नैना मित्तल आदि रहे।

# वर्धमान कॉलेज में किया गया वृक्षारोपण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कालेज, बिजनौर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय में संघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत नीम के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने कहा कि पर्यावरण एवं परिस्थितिकी में अधुनातन शोध इस बात पर बल देते हैं कि हमारे पर्यावरण के समस्त भू-भाग का एक तिहाई भाग वनाच्छादित होना चाहिए। उन्होंने पारम्परिक वृक्षों आम, जामुन, बरगद, पीपल व नीम के पेड़ लगाने पर जोर दिया। वर्धमान कालेज की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं। वे प्राणदायिनी आक्सीजन प्रदान करके वायुमंडल का शुद्धिकरण करते हैं। वृक्षारोपण में प्रो. एस.के अग्रवाल, प्रो. एस.के. राणा, प्रो. शशिप्रभा, प्रो. नीरज कुमार, मुकेश कुमार, जे.के. विश्वकर्मा, राजेश कुमार यादव, चारूदत्त आर्य, डा. नीलम गुप्ता, डा. जयदीप शर्मा, कंचन विश्नोई, एलएन चतुर्वेदी, शरद शर्मा, संजीव कुमार, नितिन भारजद्वाज, अरूण विश्नोई, भूदेव कुमार शर्मा, शिवानी चौधरी, नदीम अख्तर, आकाश राजदेव, आजम, कुंवरपाल जयनंद आदि ने भाग लिया।



# फायर स्टेशन ने अग्नि दुर्घटना रोकने को जागरूकता अभियान चलाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। फायर स्टेशन नजीबाबाद द्वारा महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवाएं लखनऊ के आदेश के अनुपालन में 4 से 10 जून 2026 तक तहसील के अन्तर्गत होटल, रेस्तरां, पब्लिक क्लब में होने वाली अग्नि दुर्घटना की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत फायर स्टेशन नजीबाबाद क्षेत्रांतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, पब्लिक क्लब में अग्नि सुरक्षा एवं इवैक्युएशन के संबंध में तीन स्थानों पर निरीक्षण, जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 28 लोगों को जागरूक किया गया। प्रभारी अग्निशमन केंद्र नजीबाबाद के एस जादौन ने चेकिंग के दौरान रेस्टोरेंट, होटल स्वामी को अग्निशमन व्यवस्था उपकरणों की उपलब्धता तथा उनकी कार्यशीलता तथा आपातकालीन निकास द्वार अवश्य होने, होटल के अंदर पानी की व्यवस्था तथा फायर पम्प को समय-समय पर प्रशिक्षित व्यक्ति के द्वारा चेक करने, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगे अग्निशमन उपकरणों को भी समय पर मेंटेनेंस करने, होटल के अंदर उपलब्ध कर्मचारियों को अग्नि शमन कार्य का ज्ञान आवश्यक होने, उपकरणों को समय-समय पर चेक करते हुए साफ सफाई करने के लिए निर्देशित किया गया। डॉ. राजीव कुमार पांडे मुख्य अग्निशमन अधिकारी बिजनौर के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर की नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, चांदपुर, बिजनौर तहसीलों में अग्नि से होने वाले हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा मानकों को परखने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटल, कबाड़ के गोदाम आदि बाजारों की सघन चेकिंग की जाएगी जहां पर अग्निशमन व्यवस्था मानको के अनुरूप नहीं पाई जाएगी उनकी सुरक्षा मानकों के अनुसार पूर्ण कराने के लिए नोटिस निर्गत किया जाएगे।

# पर्यावरण दिवस पर विद्यालय में किया गया पौधारोपण

नजीबाबाद (चिंगारी)। इलैक्ट्रॉनिक एण्ड प्रिंट मीडिया परिषद एवं कल्याणी फाउंडेशन के तत्वावधान में सन शाइन पब्लिक स्कूल में पर्यावरण दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी के बाद विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार वृक्ष लगा कर दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा गया कि आज के युग में बढ़ता हुआ प्रदूषण जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है, पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसके चलते प्रकृति से सीधे तौर पर खिलवाड़ किया जा रहा है, जीवन नरक बन रहा है। इसके लिए अधिक फलदार व छायादार वृक्ष लगा कर ही जीवन खुशहाल बनाया जा सकता है, इसके लिए आमजन को एक अभियान चला कर अधिक पेड़ लगाने पर बल दिया गया। विश्वास द्विवेदी की अध्यक्षता एवं अपर्णा चंद्रवंशी के संचालन में सम्पन्न विचार गोष्ठी को महताब खान चांद, विनोद मित्तल, विपुल शर्मा, सुलोचना कोटनाला, अनसुईया रावत, मंजू बुडाकोटी, आयुष मित्तल, किरनबाला, विनोद चौधरी ने सम्बोधित किया।



# तालाब पर सौंदर्यीकरण को गुलमोहर के 15 पौधे लगाये गये

नजीबाबाद (चिंगारी)। सखी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम स्थित तालाब परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम आशुतोष जायसवाल की उपस्थिति में तालाब के सौंदर्यीकरण अभियान के अंतर्गत 15 गुलमोहर के पौधे एक कतार में लगाए गए। कार्यक्रम में ऐश्वर्य आनंद, श्रीमती पूनम आनंद, पूनम अग्रवाल, हर्षित, सूरज, शाहनवाज, राजू, मीनू आदि धोबी समाज के लोगों ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। लगाए गए गुलमोहर के वृक्ष भविष्य में इस क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ हरियाली व स्वच्छ वातावरण का संदेश देंगे। गौरतलब है कि डॉ. राखी अग्रवाल पिछले दो वर्षों से इस उपेक्षित एवं सूखते हुए तालाब को पुनर्जीवित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनका सपना रहा है कि यह स्थान एक सुंदर, स्वच्छ एवं हराभरा सार्वजनिक स्थल बने, जहां स्थानीय लोग प्रकृति के बीच समय बिता सकें। नजीबाबाद प्रशासन एवं विनिमित क्षेत्र द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के परिणामस्वरूप यह सपना अब धीरे-धीरे साकार होता दिखाई दे रहा है। आगामी वर्षा ऋतु में तालाब के पुनर्जीवन का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ेगा, जिससे यह स्थान खंडहर से बदलकर एक आकर्षक पिकनिक स्पॉट एवं प्राकृतिक विरासत के रूप में विकसित होगा। यह परियोजना इस बात का जीवंत उदाहरण है कि सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को धरातल पर उतारा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. राखी अग्रवाल ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्यावरण संरक्षण नहीं है, बल्कि जल स्रोतों, तालाबों व प्राकृतिक धरोहरों को बचाना ही सच्चे अर्थों में पर्यावरण दिवस मनाना है। जब एक मरता हुआ तालाब पुनर्जीवित होता है, तो उसके साथ पूरा पारिस्थितिकी तंत्र भी जीवंत हो उठता है।



तालाब पर वृक्षारोपण करती डॉ. राखी अग्रवाल।

# सफाई कर्मचारियों ने ठेका प्रथा खत्म कराने व वेतन बढ़ाने को ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। सफाई कर्मचारी मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष दिनेश सलवान के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भाजपा नेता शुभम अग्रवाल उर्फ लवी को सौंपा। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों से जुड़ी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सफाई कर्मचारियों की ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों का दैनिक वेतन वर्तमान 434 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये किया जाने, पूरे 30 दिनों का वेतन दिया जाने, 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत संविदा कर्मियों को स्थायी किया जाने, पड़ोसी राज्यों में संविदा कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों की तर्ज पर यहां भी समान सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांगें की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता शुभम अग्रवाल ने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक विचार करेगी। ज्ञापन देने वालों में अंकुर पारचा, नरेंद्र कुमार, श्रीकांत, दीपक, सुमित कुमार, ऋषभ सिसोदिया, अभिषेक कैसले, निखिल, नकुल, मुकेश, दीपक, विमल, विनय, भूपेंद्र, राजीव, जितेंद्र, प्रदीप, कुलदीप आदि मौजूद रहे।




## कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर (बिजनौर)

पत्र संख्याः– 63 /2025–26/सा0सू0/न0 पं0 साहनपुर दिनांक–04.06.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–25.06.2026 से 25.07.2026 तक नगर पंचायत साहनपुर में मौहल्ला नद्दाफान में खसरा संख्या–921 (खैल का मैदान) में नुमाईश/मेला लगाने हेतु किराये पर दिनांक–25.06.2026 को कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर के प्रागंण में 11 बजे की जायेगी। नीलामी की बोली देने हेतु जमानत के रूप में अंकन 50,000/–रूपये दिनांक–25.06.2026 तक कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर में बोली देने से पूर्व नकद जमा की जायेगी। बिना जमानत जमा किये किसी भी व्यक्ति को बोली देने का अधिकार नही होगा। जमा जमानत प्रथम व द्वितीय बोलीदाता को छोड़कर बोली समाप्ति के अगले दिनांक को वापस कर दी जायेगी। यदि किसी कारणवंश प्रथम बोलीदाता की जमानत नगर पंचायत के पक्ष में जब्त की जाती है, तो द्वितीय बोलीदाता की उच्चतम बोली की धनराशि पर विचार किया जा सकता है। अन्यथा उसकी भी जमानत वापस कर दी जायेगी। इससे सम्बन्धित सभी शर्तें कार्यालय नगर पंचायत साहनपुर में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत साहनपुर
बिजनौर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत साहनपुर
बिजनौर

# राशन की घटतौली को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा, वीडियो वायरल

### पूरा राशन देने पर राशन डीलर ने बताया खुद को नुकसान

### ग्राम प्रधान पिता ने जिले भर में घटतौली का किया दावा

स्योहारा ( चिंगारी )। नगर से सटे गांव फैजुल्लापुर में ग्रामीणों का राशन की घटतौली को लेकर हंगामा करने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो 2 जून का बताया जा रहा है। राशन डीलर चीख-चीखकर वीडियो में कह रहा है कि पूरा राशन देगा तो उसे नुकसान होगा। प्रधान के पिता कह रहे हैं कि जिले में कहीं भी राशन पूरा नहीं मिल रहा है, अगर कहीं मिल रहा है तो बताओ। ग्रमीणों ने कहा कि वह इसका विरोध कर रहे हैं और आगे अधिकारियों से भी शिकायत करेंगे। इसी बीच हंगामे में पहुंचे राशन डीलर समर्थक व्यक्ति ने ग्रामीणों के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। वायरल हुए लगभग 10 मिनट के वीडियो में ग्रामीणों और राशन डीलर व प्रधान पिता के बीच राशन की घटतौली को लेकर जमकर हंगामा हुआ। वीडियो के वायरल होने के बाद चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है कि जिलेभर में राशन डीलर द्वारा घटतौली की जा रही है और खाद्य विभाग के आलाधिकारी मौन हैं। अधिकारियों की चुप्पी सिर्फ इस ओर इशारा कर रही है कि इस घटतौली की घटना में वह भी सामिल हैं।

### शिकायत की गई तो जांच करेंगे

जिलापूर्ति अधिकारी से जब राशन की घटतौली और फैजुल्लापुर में हुए हंगामे को लेकर जानकारी की गयी तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है किसी के द्वारा शिकायत नहीं की गयी है। शिकायत की जाएगी तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

## कृष्ण गोपाल महाविद्यालय में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



नगीना ( चिंगारी )। कृष्ण गोपाल महाविद्यालय, नगीना जनपद (सम्बद्ध गुरु जंभेश्वर, विश्वविद्यालय मुरादाबाद) में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की मुहिम को आगे बढ़ाया गया। छात्र/छात्राओं ने कॉलेज परिसर में 100 पौधे लगाए। इस अवसर पर भूगोल प्रवक्ता डॉ. विवेक विश्नोई ने पर्यावरण में वनों के महत्व को समझाया। छात्र/छात्राओं को बताया कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा इस वर्ष जलवायु परिवर्तन से लड़ने और त्वरित कार्यवाही करने के लिए अभियान की शुरुआत की गई। इसके अलावा इसे प्रकृति के साथ जीना विषय के रूप में प्रमुखता दी गई, जिसका उद्देश्य पर्यावरण में कार्बन की मात्रा कम करना और पारिस्थितिकी तंत्र में बहाली लाना है।

# मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन मनाया



चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 54वें जन्मदिन पर केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया तथा उनकी दीघार्यु की कामना की। शुक्रवार की शाम को नगर के मुहल्ला काजीजादगान में स्थित लखनऊ नर्सिंग होम पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर केक काटा गया। इस अवसर पर डा. सुनील कुमार गौतम, शिवली खान, पंकज कुमार, प्रभात कुमार सैनी, मौ. अंजार, अफरोज जहां, विनोद कुमार, मीना कुमारी, प्रियंका कुमारी, रूपाली प्रजापति व दीक्षा चौहान आदि मौजूद रहे।

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.

Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# विधायक ओम कुमार ने की डाक्टर के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की मांग

## विधायक ने पीड़िता के परिजनों से की वार्ता। संबंधित अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

**नहटौर ( चिंगारी )। चिकित्सक द्वारा दलित नर्स के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विधायक ओमकुमार ने पीड़ित परिजनों से वार्ता की। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध जबरन धर्मांतरण कराने, एससी एक्ट, गैंगस्टर की कार्रवाई न करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोपी चिकित्सक पर कड़ी कार्रवाई की कराने के लिये एसपी और डीएम से भी वार्ता करते हुए पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।**



बता दें कि धामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हबीबवाला स्थित शिफा नर्सिंग होम के डॉ. फैजान ने नहटौर निवासी एक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। इसके अलावा आरोपी चिकित्सक पर संबंधित पीड़िता का धर्मांतरण भी कराने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता को जबरन मांस खिलाने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। लेकिन उसके विरुद्ध एससी एक्ट की कार्रवाई एवं जबरन धर्मांतरण कराने, गैंगस्टर आदि की कार्रवाई नहीं की गई थी। शनिवार को विधायक ओम कुमार पीड़िता के घर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से वार्ता की। उन्होंने मामले में डीएम और एसपी से वार्ता करते हुए आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध एससी एक्ट, जबरन धर्मांतरण कराने एवं गैंगस्टर की कार्रवाई करने की मांग की। विधायक ओमकुमार ने पीड़ित परिजनों को भरोसा दिलाया कि वह उनके साथ हैं और उनके मामले में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार धनराज सिंह, सीओ राजेश सोलंकी, प्रभारी निरीक्षक नहटौर रविंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक धामपुर मृदुल सिंह, हलका लेखपाल ब्रहम सिंह रवि कानूनगो ओमवीर सिंह,भाजपा जिला मंत्री तिलक राज सैनी, ग्राम प्रधान मनीराम, आदि उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर मौत

चांदपुर ( चिंगारी )। बीती रात गजरौला से नजीबाबाद जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया। नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी अभिषेक ( 21 वर्ष ) पुत्र कैलाश की बीती रात धनौरा रोड स्थित रेलवे फाटक से कुछ दूरी पर गजरौला से नजीबाबाद जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई स्थानों पर किया गया पौधारोपण




कोटरा में पौधारोपण करती ब्लॉक प्रमुख तृप्ति राजपूत व भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत।



नगीना नगर पालिका परिषद कार्यालय में पौधारोपण करते पालिका कर्मचारी।

**नगीना ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न पार्टी व संगठन के कार्यकर्ताओं, समाजसेवी संस्था से जुड़े लोगों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर क्षेत्र में हजारों की संख्या में पौधे रोपे गए। नगर पालिका कार्यालय में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत पालिका कार्यालय परिसर, वॉटर वर्क्स व एम एम इंटर कॉलेज के खेल मैदान में विभिन्न प्रजाति के 100 पौधे रोपे गए इस मौके पर ईओ सतीश कुमार, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, प्रधान लिपिक इत्तेदार जैदी, नरेश कुमार, तलत अहमद, मुनीर अहमद, रोहित कुमार,मोहम्मद असलम, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।उधर रामलीला बाग मैदान के सामने स्थित ग्राम कोटरा से आगे तालाब पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कोतवाली तृप्ति राजपूत व भाजपा नेता ठाकुर विकास राजपूत ने विभिन्न प्रजाति के 26 पौधे रोपे। इस मौके पर बी डी ओ ज्योति चौधरी सहित ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरकार ने प्रशासक बनाया ग्राम प्रधानों ने आभार जताया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की एक आवश्यक बैठक ब्लॉक परिसर के डबाकरा हाल में ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं संगठन के मुरादाबाद मंडल मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के संचालन में आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के चुनाव की समय सीमा बढ़ाने पर ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाया जाना योगी सरकार का सराहनीय निर्णय है। हम सब मुख्यमंत्री योगी जी एवं सरकार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह उर्फ भोले ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए आर्थिक सहयोग की विशेष आवश्यकता होती है। ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि हल्दौर ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की ओर से संगठन को यथोचित सहयोग दिया जाएगा।

## उत्साहपूर्वक मनाया योगी आदित्यनाथ का जन्मोत्सव





**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** पीएम उज्जवला योजना लाभार्थी विभाग के जिला चेयरमैन, पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने उ.प्र. के सीएम योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भव्य समारोह के बीच उत्साहपूर्वक मनाया। आलमपुर गांवड़ी स्थित श्री साई पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कई प्रसिद्ध महंतों, दिग्गज नेताओं, गणमान्य व्यक्तियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिरकत की। सरदार हरनाम सिंह की अध्यक्षता एवं श्याम सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में प्राचीन अवधूत मंडल हरिद्वार के महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज एवं आपदा प्रबंधन समिति उत्तराखंड के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री विनय रुहेला बतौर अतिथि एवं विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति बतौर मुख्य वक्ता मंचासीन रहे। वक्ताओं ने योगी आदित्यनाथ के जीवन पर प्रकाश डाला। महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश ने हिंदू धर्म की श्रेष्ठता एवं राज्य मंत्री विनय रुहेला ने योगी आदित्यनाथ के अभूतपूर्व कार्यों की प्रशंसा की। भिखारी प्रजापति ने अपने संबोधन में समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ. इंद्रदेव सिंह ने अतिथियों सहित उपस्थित जनमानस को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैंने घर, मकान या कोठी नहीं बनाई बल्कि आम जनता के दिलों में जगह बनाई है, जो मेरे जिंदा रहने के साथ-साथ मेरे मरने के बाद भी बरकरार रहेगी। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद कुमार, विहिप के क्षेत्रीय अध्यक्ष शरद परमार, चेयरमैन अजीत चौहान, वीरेंद्र चौहान, जयप्रकाश सैनी, बलराम सैनी, भोपाल सिंह, संजीव चौहान, फूलकुंवर सिंह एड, सुखराम सिंह पाल, अतर चौहान, गौरव प्रताप, सौरभ प्रताप, गोपाल सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# मस्जिद में नमाज के दौरान युवक पर जानलेवा हमला, पिता भी घायल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव बिरदो नगली में मस्जिद के अंदर नमाज के दौरान एक युवक पर कथित रूप से धारदार हथियार से जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पिता के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार गांव बिरदो नगली निवासी अजमल पुत्र इसरार मस्जिद में नमाज अदा कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही कासिम पुत्र हामिद, जाकिर पुत्र कासिम, बिलाल पुत्र कासिम तथा मुद्दसीर पुत्र कासिम मस्जिद में पहुंचे और अजमल के साथ कहासुनी शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने धारदार हथियार से अजमल पर हमला कर दिया। हमले में अजमल गंभीर रूप से घायल हो गया और मस्जिद में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही अजमल के पिता इसरार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने इसरार के साथ भी मारपीट की, जिससे वह भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मस्जिद परिसर में हुई इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# मोबाइल की दुकान पर चोरी का 24 घंटे में पर्दाफाश



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** 24 घंटे के अंदर मोबाइल की दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश करने पर व्यापार ने थाना अध्यक्ष की सराहना की। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार परसों रात्रि बस स्टैंड के पास बाबा प्लाजा में ताला तोड़कर नये-पुराने मोबाइल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया गया था। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने चुनौती मानते हुए पुलिस की कई टीमें बनाईं और पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे चैक किये और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। कल पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने चोरी कबूल की और चोरी किए गए 8 कीपैड, 5 मोबाइल फोन और बाबा प्लाजा से चोरी किया गया सारा सामान बरामद करा दिया। पकड़े गए युवक का नाम सलमान पुत्र नूर हसन मोहल्ला अफगानान है। 24 घंटे के अंदर चोरी का पर्दाफाश करने पर व्यापारी नरेश कालरा, सलीम अहमद, तिलक कालरा, मुकुल अग्रवाल, अवनीश चौहान आदि ने थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी की सराहना की।

# दो घरों से 21 तोले सोना, पौने दो किलो चांदी और नकदी चोरी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बीती रात चोरों ने दो घरों में लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ली। सवेरे सोकर उठे घर वालों के चोरी को देख होश उड़ गये। मौके पर डायल 112, थाना प्रभारी, स्वाट टीम, फिल्ड युनिट मौके पर पहुंची। शनिवार को क्षेत्र के गांव मंडोरी में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। लाखों रूपये के सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी होने की घटना जंगल की आग की तरह फैल गयी। गांव मंडोरी निवासी कासिम पुत्र मुन्ने खां ने बताया कि उसके पास से डेढ़ तोला सोना, 250 ग्राम चांदी व 60 हजार रू. की नकदी चोरी कर ली गयी। मंडोरी निवासी सलीम पुत्र जमील अहमद ने बताया कि वह अपने कमरे में ताला लगाकर गर्मी के कारण घर के बाहर सो रहा था और बच्चे छत पर सो रहे थे। सुबह सवेरे जब उठकर कमरे का ताला खोला तो सब सामान बिखरा पड़ा था। लगभग 20 तौला सोना व पौने दो किलो चांदी तथा 1 लाख 70 हजार रू. नकद थे, जो चोरी हो गये। परसों को बुआ के घर भात जाना था और दो जून को उसके भाई की शादी हुई थी, जिसके लिए लड़कियां अपने परिवार के साथ जेवर लेकर गांव आईं थीं। एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव ने भी घटना स्थल का निरिक्षण किया। एएसपी ने बताया कि चोरी की तहरीर ली जा रही है, मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। पुलिस टीम लगा दी गयी है, जल्द खुलासा किया जाएगा।



घर में बिखरा हुआ सामान।



पीड़ितों से जानकारी करती पुलिस।

# 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया। शुक्रवार को पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीआरसी कार्यालय परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल और स्टाफ सहयोगी शशांक कौशिक, तरुण चौहान, संध्या चौहान, सुधीर कुमार आदि ने प्रदेश सरकार के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया, साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से भी पर्यावरण को बचाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आह्वान किया।




# रोडवेज की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने चिंगारी को बताया कि कल शाम कुलदीप (40 वर्ष) पुत्र रिशिपाल निवासी ग्राम मोजीपुरा थाना कोतवाली शहर बाइक से अपनी ससुराल ग्राम कसौर थाना किरतपुर से लौट रहा था। कुलदीप के साथ बाइक पर उसका 9 वर्षीय पुत्र के कृष्णा और साले का 5 वर्षीय पुत्र बिल्लू भी था। ग्राम मुंढाला के पास सर्विस रोड पर सामने से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को बिजनौर अस्पताल भिजवाया। इलाज के दौरान कुलदीप की मृत्यु हो गई और दोनों बच्चों की हालत भी गंभीर है। चालक बस छोड़कर फरार हो गया। दरोगा नागर ने बताया कि आज बस चालक राजेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

# अब भोजपुर इंटर कालेज में होगा रवा राजपूत सभा का चुनाव

**किरतपुर ( चिंगारी )। रवा राजपूत सभा के आजीवन सदस्यों का एक प्रतिनिधि एडवोकेट घनश्याम लाल के नेतृत्व में रवा राजपूत सभा जनपद बिजनौर महासचिव सत्यवीर सिंह से उनके निवास पर मिला, जिसमें मांग की गई कि 22 जून 2026 दिन सोमवार को होने वाली साधारण सभा व निर्वाचन सम्बन्धी सम्पूर्ण प्रक्रिया का स्थान ग्राम शहबाजपुर से बदलकर कृषक भारती इंटर कालेज भोजपुर में रखा जाए, जो कि जनपद के केन्द्र में है, जिससे कि सभी सदस्य उसमें सुगमता से पहुंच सकें।**



महासचिव ने सभा के अध्यक्ष शिवकुमार से फोन पर वार्ता कर स्थान परिवर्तन करने के लिए अपनी सहमति दी और मुख्य चुनाव अधिकारी सुभाष चंद राजपूत व सहायक चुनाव अधिकारी कृपाल सिंह को बैठक में आमंत्रित कर निर्वाचन सम्बन्धी सभी क्रियाकलाप कृषक भारती इंटर कालेज भोजपुर में पूर्ण करने के लिए कहा, साथ ही ये भी निर्देश दिया कि सभी कार्यक्रम पूर्ववत ही रहेंगे, केवल निर्वाचन का स्थान बदला गया है। बैठक में पूर्व महासचिव हितेष कुमार द्वारा सुझाया गया कि यदि सम्भव हो तो सभा के समस्त सदस्यों को साधारण सभा व निर्वाचन की सूचना उनकी नाम-पर्ची के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिसका सभी ने स्वागत व समर्थन किया। बैठक में एडवोकेट घनश्याम लाल हुसैनपुर सुल्तान, निवर्तमान उपाध्यक्ष मा. सुभाष राजपूत, दिनेश कुमार, निवर्तमान कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, निवर्तमान प्रचार सचिव शिवनाथ सिंह, मुख्य चुनाव अधिकारी सुभाष चंद, सहचुनाव अधिकारी कृपाल सिंह, आजीवन सदस्य कुंवरपाल सिंह, नवनीत राजपूत उर्फ बंटी भाई, बीरेश कुमार, ज्ञानेश्वर चंचल, शिवकुमार व उच्च सदन से अरविन्द राजपूत शाहपुर सुक्खा सहित अन्य स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

# सामूहिक प्रयासों से होगा पर्यावरण संरक्षण : डीएम

## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा गोष्ठी का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व पर्यावरण दिवस पर कल देर शाम स्वदेशी जागरण मंच नगर बिजनौर द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन बिजनौर क्लब में किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के मुख्य आतिथ्य में हुई इस गोष्ठी की अध्यक्षता श्रीमती सुधा राठी (गायत्री परिवार) और संचालन नगर सहसंयोजक गजेंद्र चौहान ने किया। प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच प्रशान्त महर्षि मुख्य वक्ता के रूप में रहे।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने बिजनौर कलब के प्रांगण में आंवले के पेड़ लगाकर और भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर गोष्ठी का शुभारंभ करते जलवायु परिवर्तन का सामना सामूहिक प्रयास से व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेकर जैसे प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ मां के नाम लगाकर करना होगा, तभी इसमें सफलता मिलेगी। मुख्य वक्ता प्रशान्त महर्षि ने पंच तत्वों से बने शरीर को बीमारियां लगने का कारण पंच तत्व का प्रदूषण बताया और माता भूमि पुत्रोहम पृत्वीया वेदों के उद्घोष को मानते माता की सेवा के समान पृथ्वी के पर्यावरण संरक्षण का कार्य करने का आह्वान किया। जिला संयोजक अजय वत्स ने देश के ऊर्जा पेट्रोल, खाद्य तेल बचाने और स्वदेशी समान का उपयोग करने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष सुधा राठी ने भौतिक और अभौतिक दोनों प्रकार के प्रदूषणों को रोक भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का संदेश दिया। नगर संयोजक दीपक अरोड़ा ने सभी पर्यावरण प्रेमी बुद्धि जीवियों का उपस्थिति के लिए आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सतीश त्यागी, सहजिला संयोजक राजेश अरोड़ा और श्रीमती रीता शर्मा, सहजिला समन्वयक स्वावलंबी भारत अभियान, कुशलपाल सिंह, सुधीर अग्रवाल, अजय शर्मा, रिफाकत मिर्जा, सरदार परमजीत सिंह, हरवीर सिंह, विवेक नारायण, संजय शर्मा, योगेश्वर त्यागी, गजेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कटारिया ने पौधा लगाया, गायों को गुड़ खिलाया



वृक्षारोपण करते अशोक कटारिया।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मिर्जापुर ढीकली के अस्थायी गौ-आश्रय स्थल में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री व विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार कटारिया का ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान व बीडीओ डॉ. दिनेशपाल शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उसके पश्चात अशोक कटारिया ने गौआश्रय स्थल में वटवृक्ष का पौधा रोपित किया। मुख्य अतिथि के द्वारा गौ-माता को गुड़ खिलाया गया। इसके पश्चात आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर तथा डा. दिनेशपाल शर्मा खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर, करूणा चौहान एडीओ पंचायत, अनीसा खातून प्रशासक मिर्जापुर ढीकल तथा कार्यक्रम में विकास खण्ड से उपस्थित कर्मचारियों ने गौ-आश्रय स्थल में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित किया। मुख्य अतिथि अशोक कटारिया ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों से ऑक्सीजन देने वाले पौधे जैसे बरगद, नीम, पीपल आदि के पौधे रोपित करने की अपील की। कार्यक्रम में राशु चौहान, विनय कुमार मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, नीरज कुमार, सलमान खान, दीपक कुमार, जितेन्द्र कुमार, विपिन सैनी, राजकुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, पंकज कुमार रोजगार सेवक, शाने आलम, सलाउद्दीन, सायरा, प्रशान्त कुमार, उदयवीर आदि उपस्थित रहे।

# युवती को दुकान में खींचने का प्रयास

**नूरपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव नवादा रवाना उर्फ तेलीपुरा निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गत 28 मई को गांव में एक दुकान से सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि इस दौरान दुकानदार युवक निक्की ने उसका हाथ पकड़कर दुकान के अंदर खींच लिया तथा उसके साथ बदतमीजी करने लगा। वह किसी तरह छूटकर घर पहुंची और परिजनों को घटना के विषय में बताया। परिजनों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी थी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# तत्कालीन जिला प्रशासन ने दबाव में शुरू कराया था बूचड़खाना - मुकेश रस्तौगी

## पूर्व विधायक सहित 29 लोगों पर दर्ज हुआ था मुक़दमा

**स्योहारा ( चिंगारी )। यांत्रिक बूचड़खाना विरोध एवं जीव रक्षा समिति के सदस्य रहे मुकेश रस्तौगी ने तत्कालीन जिला प्रशासन पर आरोप लगाया और वर्तमान जिला प्रशासन एवं जालौन प्रशासन की सराहना करते हुए बूचड़खाने पर हुई कार्यवाही को लेकर वर्ष 2012 में लगे आरोपों को सही बताया है।**

30 मई को जालौन जिलाधिकारी द्वारा अतीक अहमद की 168.13 करोड़ की सम्पत्ति को कुर्क कर दिया गया। बुधवार को सम्पत्ति कुर्क कर जालौन पुलिस ने उपजिलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए संरक्षित कर दी। कार्यवाही के बाद यांत्रिक बूचड़खाना विरोध एवं जीव रक्षा समिति के सदस्य रहे भाजपा नेता मुकेश रस्तौगी ने इसे क्षेत्र की खुशहाली का कदम बताया। मुकेश रस्तौगी ने बताया कि जब उमर इंटरनेशनल का निर्माण एवं संचालन हो रहा है, तब स्व. पूर्व विधायक लोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक यांत्रिक बूचड़खाना विरोध एवं जीव रक्षा समिति बनी थी, जिसका संरक्षक पूर्व विधायक लोकेन्द्र सिंह व संयोजक हरिओम भटनागर को बनाया गया था। समिति के नेतृत्व में 10 अक्टूबर 2012 को तत्कालीन जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया था, जिसमें बिना मानकों के निर्माण, पशुओं की चोरी,अवैध कटान, प्रदूषण को खतरा होने की अशंका जताई थी, जिसके बाद 14 अक्टूबर को स्योहारा के रामलीला मैदान में विशाल धरना प्रदर्शन किया था, जिसमें लगभग 29 लोगों के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज किया था। राज्य में सपा की सरकार थी। पूर्व विधायक लोकेन्द्र सिंह चौहान, मुकेश रस्तौगी, उज्जवल चौहान, नीटू जोशी, आलोक अग्रवाल, जयपाल सिंह, सुरेश तोमर, अवधेश माहेश्वरी, देवेश शर्मा, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, सुरेंद्र जोशी सहित 29 लोगों पर कार्यवाही की गई थी।

# स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शुक्रवार को धामपुर से गांव सदाफल की ओर जा रहा 18 वर्षीय शानिब जब गांव झिल्ला पहुंचा तो स्योहारा की ओर से तेज गति से आ रही स्कूटी सवार युवती ने टक्कर मार दी, जिसमें शानिब घायल हो गया और युवती मौके से स्कूटी लेकर फरार हो गयी। राहगीरों ने घायल शानिब को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने पर कार्यवाही की जाएगी।

# महाराज श्री के मंगल आगमन से जैन समाज में हर्ष



महाराज श्री विव्रत का दिगंबर समाज द्वारा जोरदार स्वागत।

**स्योहारा ( चिंगारी )।** महाराज श्री विव्रत जी मंगल आगमन नगर में होने से जैन समाज हर्षित है। जैन समाज के द्वारा महाराज श्री को पृथ्वीराज इंस्टीट्यूट सरकड़ा से प्रात: काल 4:45 पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। महाराज श्री ठीक 6:30 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर में पहुंच गए। बिहार में नहटौर, धामपुर स्योहारा के जैन समाज मौजूद रहे। स्योहारा जैन समाज की ओर से वीर संजय जैन, शोभित जैन, दीपक जैन, शरदचंद जैन, शरद जैन, निशांत जैन, मनीष जैन, अनंत जैन, चीनू जैन, संजीव जैन, संभव जैन, संस्कार जैन, ऋषभ जैन, आकाश जैन और स्योहारा पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। आचार्य जी ने शुक्रवार को वीर अशोक जैन, संजय जैन के यहां आहार ग्रहण किया। यहां महाराज श्री ने शाम 4 बजे से 7 बजे तक भक्तों के प्रश्नों के उत्तर दिए। उनके साथ महाराज प्रमुख शिष्य मुनि 108 श्री विव्रत सागर महाराज और विश्वाश्र सागर महाराज महाराज भी मौजूद रहे।

# नूरपुर में धूमधाम से मनाया योगी का जन्मदिन



डॉ. एम. पी. सिंह को केक खिलाते जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह के आवास पर भाजपाइयों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी का डॉ. एमपी सिंह ने पटका पहनाकर स्वागत किया। भूपेंद्र सिंह चौहान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण भी किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार ने विकास की राह को गति प्रदान की है। प्रदेश में गुंडे माफिया जमीदोज हो गए, अब प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की लहर दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में जनपद को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान मिलने पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में बोलते हुए नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि सरकार बगैर किसी भेदभाव के प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अब हमारा लक्ष्य 2027 का विधानसभा चुनाव है, अगर पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मौका दिया तो वह पार्टी की उम्मीदों को कायम रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक राजपूत व संचालन नामित सभासद मुकेश भुइयार ने किया। कार्यक्रम में सभासद राजीव जोशी, सभासद रणवीर सिंह चौधरी ने अपने विचार रखते हुए सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर वीर प्रकाश भुईयार, डॉ. नफ़ीस गुलरेज अंसारी, विनोद चौहान, सुधीर चौहान, प्रमोहन सिंह, जुगनू चौधरी, गुरनाम सिंह, मुकेश शर्मा, मनोज शर्मा, जानी, तकदीस गुलरेज अंसारी, वसीम सैफ़ी, डॉ. गगन प्रताप सिंह, रेनू चौहान, कमलेश प्रजापति आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# बदलते भारत की तस्वीर संवारने में महापौरों की भूमिका सबसे अग्रणी : मदन कौशिक

## आल इंडिया कौउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक का समापन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थ नगरी ऋषिकेश में आयोजित ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की दो दिवसीय बैठक का गुरुवार को होटल नटराज में समापन हो गया । नगर निगम ऋषिकेश की मेजबानी में दो दिवसीय राष्ट्रीय महाधिवेशन में देश के राज्यों से आए नगर निगमों के महापौरों और जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया, जहां उन्होंने शहरी विकास, स्थानीय निकायों के सुदृढ़ीकरण और नागरिक सुविधाओं को वैश्विक स्तर का बनाने हेतु महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मंथन किया। सम्मेलन के दूसरे दिन समापन सत्र अतिथि सम्मान समारोह में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मदन कौशिक ने कहा कि स्थानीय नगर निकाय हमारे लोकतंत्र की रीढ़ हैं और बदलते भारत की तस्वीर संवारने में हमारे महापौरों की भूमिका सबसे अग्रिम हैं। उन्होंने ऋषिकेश नगर निगम को इस सफल और ऐतिहासिक आयोजन के लिए विशेष बधाई दी। समापन समारोह में नगर निगम ऋषिकेश द्वारा मदन कौशिक एवं सुदूर कोनों से आए सभी सम्मानित महापौरों को आस्था व शुद्धता के प्रतीक स्वरूप पवित्र गंगाजली भेंट की गई।

इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया था, जिसके बाद त्रिवेणी घाट पर भव्य गंगा आरती और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ था समापन के अवसर पर नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान ने देशभर से आए सभी अतिथियों, पुलिस-प्रशासन, मीडिया, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों का इस दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां तेज



**देहरादून ( चिंगारी )।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जनपद में तैयारियां अब जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से जिलेभर में योग से संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को योग के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभों और दैनिक जीवन में योग को अपनाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों और सार्वजनिक स्थलों पर योगाभ्यास, कार्यशालाएं और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके विशेषज्ञों द्वारा लोगों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों की जानकारी दी जा रही है। शिक्षण संस्थानों में योग प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले मुख्य योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियां भी तेजी से चल रही हैं। कार्यक्रम स्थल चयन, प्रतिभागियों का पंजीकरण, योग प्रशिक्षकों की तैनाती और आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दें अधिकारी : धामी



**खटीमा ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा स्थित लोहियाहेड हेलीपैड एवं कैंप कार्यालय में जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से जुड़े मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके उपरांत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोहियाहेड स्थित कैंप कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी सभी को निभानी होगी।

# योगाभ्यास के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर समाप्त



## छात्रों ने गीत, नृत्य, संगीत की भी प्रस्तुतियां दीं

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ऋषिकेश के ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन दिवस का शुभारंभ सेवानिवृत्त शिक्षाविद रामकृष्ण पोखरियाल, विजय बडोनी एवं वरिष्ठ शिक्षक वीरेंद्र किशोर गौड द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन करके किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि रामकृष्ण पोखरियाल ने छात्रों को संदेश दिया कि शिविर का उद्देश्य छात्र का शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक एवं चारित्रिक विकास है। जिसमें प्रतिभागी छात्रों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, और समाज सेवा के गुण विकसित होते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने कहा कि प्रतिभागी छात्र शिविर में सीखे हुए ज्ञान को व्यवहारिक जीवन में लाएं एवं समाज के लिए इसका सदुपयोग करें। समापन दिवस का शुभारंभ समर कैंप के संयोजक शिक्षक जयेंद्र प्रसाद चमोली द्वारा प्रतिभागी छात्रों को योगाभ्यास के साथ किया गया। शिक्षाविद रामकृष्ण पोखरियाल ने प्रतिभागी छात्रों को स्काउट एवं गाइड के माध्यम से विभिन्न प्रकार की तालियां बजाना सिखाई। तत्पश्चात छात्रों द्वारा नृत्य, गीत एवं संगीत की प्रस्तुतियां दी गई। छात्रों में रचनात्मकता उत्पन्न करने के लिए क्राफ्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें क्रमशः राजवीर कंडारी एवं अक्षत कुड़ियल संयुक्त रूप से प्रथम, गणेश तिर्की द्वितीय एवं धर्मेश आनंद एवं कृष्णा सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। समर कैंप में विद्यालय के शिक्षकों में प्रभाकर भट्ट, कीर्ति दत्त नौटियाल, कुलदीप सजवान एवं रमेश गुनसोला आदि उपस्थित रहे।

# मानसून से पहले ही हादसों का सिलसिला शुरू

## मकान का पुश्ता ढहने से महिला दबी

**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून में मानसून से पहले ही बारिश के बीच हादसों का सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को ओल्ड राजपुर क्षेत्र में एक भवन का पुश्ता अचानक ढह गया, जिसकी चपेट में आकर एक महिला मलबे में दब गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

घटना ओल्ड राजपुर क्षेत्र की है। शुक्रवार को उत्तराखंड पुलिस को सूचना मिली कि एक भवन का पुश्ता गिर गया है और कुछ लोग मलबे में फंस गए हैं। सूचना पर थाना राजपुर पुलिस तत्काल आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। उसने देखा महिला का आधे से अधिक शरीर मलबे में फंसा हुआ था।

राजपुर थाना प्रभारी पीडी भट्ट के अनुसार, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अन्य रेस्क्यू टीमों का इंतजार किए बिना स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य शुरू कर दिया। फावड़ा, बेलचा और अन्य उपकरणों की सहायता से महिला तक पहुंचने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं, जिसके बाद संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। करीब दो घंटे तक चले अभियान के दौरान रेस्क्यू कर्मियों ने सावधानीपूर्वक मलबा हटाया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके तुरंत बाद एंबुलेंस के जरिए उसे उपचार के लिए कोरोनेशन अस्पताल भेजा गया।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा क्रांति

भारत आज ऊर्जा के क्षेत्र में एक नये युग की ओर बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, तेजी से बढ़ती बिजली की मांग और पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक चुनौतियों के बीच स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना' देश में ऊर्जा क्रांति का आधार बन रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह योजना अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शी नीतियों, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी सोच के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है, जहां रूफटॉप सोलर ऊर्जा का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह योजना केवल बिजली बिल कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को 'ऊर्जा उत्पादक' बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य भी कर रही है।

### ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम

उत्तर प्रदेश लंबे समय तक बिजली संकट, कटौती और बढ़ती ऊर्जा मांग जैसी चुनौतियों से जूझता रहा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े सुधार हुए हैं। गांवों से लेकर शहरों तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, नये विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना, ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार और रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति जैसी उपलब्धियों ने प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में नई पहचान दी है। अब 'सूर्य घर योजना' इस परिवर्तन को नई ऊंचाई दे रही है। प्रदेश सरकार ने इस योजना को केवल एक सरकारी योजना के रूप में नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के मिशन के रूप में आगे बढ़ाया है। राज्य सरकार लगातार लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।





### क्या है प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ?

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं और हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 78,000 तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु. 30 हजार के अतिरिक्त सहयोग से यह सब्सिडी 1,08,000 तक पहुंच जाती है। इससे मध्यम वर्ग और सामान्य परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगाना बेहद आसान हो गया है। मा.मुख्यमंत्री जी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि आवेदन प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### उत्तर प्रदेश बना सौर ऊर्जा का उभरता केंद्र

आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां सूर्य घर योजना को लेकर लोगों में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, आगरा, बरेली जैसे शहरों में लाखों घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।



## 'सूर्य घर योजना' से आत्मनिर्भर बन रहे लाखों परिवार

ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग तेजी से इस योजना से जुड़ रहे हैं। पहले जहां गांवों में बिजली बिल एक बड़ी चिंता हुआ करता था, वहीं अब लोग अपनी छतों से बिजली उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने लगे हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के विस्तार को समान प्राथमिकता दे रही है। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

### आम लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलाव

सूर्य घर योजना का सबसे बड़ा लाभ आम जनता को मिल रहा है। लगातार बढ़ते बिजली बिलों से परेशान परिवारों के लिए यह योजना राहत का बड़ा माध्यम बनकर सामने आई है। एक सामान्य 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम प्रतिमाह लगभग 300 से 450 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी कमी आ रही है। नेट मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजा जा रहा है, जिससे भविष्य के बिलों में और अधिक राहत मिलती है।

## कार्बेट टाइगर रिजर्व में चलाया गया वृक्षारोपण व स्वच्छता अभियान




**अफ़ज़लगढ़/कालागढ़ (चिंगारी)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व, कालागढ़ द्वारा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन फील्ड डायरेक्टर डॉ. साकेत बडोला (IFS) एवं उपनिदेशक राहुल मिश्रा के निर्देशन में किया गया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व कार्यालय, कालागढ़ परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया तथा प्लास्टिक एवं अन्य अजैविक कचरे के निस्तारण के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करते हुए इसके उपयोग से बचने का संदेश दिया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान केवल मुख्यालय तक सीमित न रहकर बिजरानी, सर्पदुली, ढेला, सांवल्दे, कालागढ़ कॉलोनी, कालागढ़ वन प्रभाग, वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र, संग्रहालय, वन विश्राम गृहों तथा विभिन्न वन चौकियों में भी संचालित किया गया। सभी स्थानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेकर सफाई अभियान में भागीदारी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने की। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। हाथी कैंप क्षेत्र में आंवला, नीम, अमरूद, बांस, बेहड़ा और जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे रोपे गए।

## 30 अगस्त को सम्मानित किये जायेंगे सैनी समाज के मेधावी छात्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर की बैठक में मेधावी छात्र-छात्राओं को 30 अगस्त को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सम्मान समारोह में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व हायर एजुकेशन में शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष प्रधान कल्याण सिंह सैनी ने कहा कि सोसाइटी का 27 वां सम्मान समारोह शानदार ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा बेहद जरूरी है। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने में सभी साथी सहयोग करें। महामंत्री देवेंद्र सैनी ने कहा कि कार्यक्रम के लिए अभी से प्रचार-प्रसार की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी साथी तन, मन, धन से सहयोग करें। कोषाध्यक्ष डॉ. शिवराज सैनी ने आय-व्यय पढ़कर सुनाया। बैठक में प्रतिभा सम्मान समारोह की सफलता के लिए जनजागरण अभियान चलाने, सैनी बाहुल्य गांव में अधिक से अधिक लोगों को सूचना देने की रूप रेखा बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कल्याण सिंह सैनी ने की तथा संचालन देवेन्द्र सैनी ने किया। इस अवसर पर राजपाल सैनी, अनिल सैनी, डॉक्टर शिवराज सैनी, देशपाल सैनी, मोहित सैनी, सूरजमल सैनी, धर्मवीर सैनी, अमरीश सैनी, अशोक सैनी, कपिल देव सैनी, मुनेश सैनी, ललित सैनी, ओमवती सैनी, सरिता सैनी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**





# आखिरकार डॉ. जितेंद्र को छोड़ना ही पड़ा कार्यभार

## सीएमओ के आदेश के बावजूद जमे हुये थे हल्दौर पीएचसी पर

हल्दौर ( चिंगारी )। सीएमओ द्वारा तबादला कर दिए जाने के बावजूद हल्दौर पीएचसी का चार्ज नहीं छोड़ रहें डॉ जितेंद्र कुमार को आखिर 15 दिन बाद शुक्रवार को चार्ज छोड़ना ही पड़ गया। उनकी जगह डॉ अरुण कुमार को हल्दौर पीएचसी का प्रभारी बनाया गया हैं।

मालूम हो कि आशाओं के संगठन द्वारा हल्दौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ जितेंद्र कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला मुख्यालय पर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा था। जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएमओ डॉ कौशलेंद्र सिंह ने गत 21 मई को पीएचसी प्रभारी हल्दौर डॉ जितेंद्र कुमार का तबादला जनहित में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ( नजीबाबाद ) कर दिया था और उनसे अपना समस्त कार्यभार चिकित्सा अधिकारी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर के चिकित्सक डॉ अरुण कुमार को सौंपकर अपनी नई तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए थे। लेकिन डॉ जितेंद्र कुमार द्वारा सीएमओ के तबादला आदेश करने के बावजूद हल्दौर पीएचसी प्रभारी का चार्ज नहीं छोड़ा जा रहा था। जिससे अस्पताल स्टॉफ में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। सूत्रों के अनुसार डॉ जितेंद्र कुमार एक बार फिर अपना तबादला निरस्त कराये जाने की जुगत में लगे हुए थे। इससे पूर्व भी कुछ माह पूर्व जिलाधिकारी के आदेश पर सीएमओ द्वारा उनका स्थानांतरण कर दिया गया था। लेकिन बाद में उन्होंने अपना स्थानांतरण आदेश निरस्त करा लिया था और तब से वह पीएचसी प्रभारी के पद पर डटे हुए थे। लेकिन इस बार उन्हें सफलता नहीं मिली और शुक्रवार को करीब 15 दिन बाद उन्होंने अपना कार्यभार डॉ अरुण कुमार को सौंपकर नवीन तैनाती स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर ( नजीबाबाद ) में पदभार ग्रहण कर लिया। जिसे आशाओं और आशा संगठन ने इसे नारी सम्मान और सच्चाई की जीत बताया हैं।

**प्लॉट बिकाऊ है**

इन्द्रलोक कॉलोनी, बिजनौर गेट नम्बर 03 में पूरब सामना 25 फीट 55 फीट का एक आवासीय प्लॉट बिकाऊ है। सम्पर्क करें- मो. 7253017676, 975000026













